लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 4524

19 जुलाई, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए

समेकित वस्त्र पार्क के लिए योजना

4524. डॉ. संजीव कुमार शिंगरीः
श्री राजेशभाई नारणभाई चुड़ासमाः
श्री केसिनेनी श्रीनिवासः
प्रो॰ सौगत रायः

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में समेकित वस्त्र पार्क के लिए योजना कब से प्रचालित है;

(ख) क्या मंत्रालय को राज्य में वस्त्र पार्कों/समेकित वस्त्र पार्क की स्थापना में वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए आंध्र प्रदेश राज्य सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो समेकित वस्त्र पार्क (एस॰आई॰टी॰पी॰) की योजना के अंतर्गत गत दो वित्तीय वर्षों में उनको कुल कितने अनुदान मंजूर किए गए हैं;

(ग) देश में कार्यरत परिधान पार्कों की राज्य-वार संख्या कितनी है और आंध्र प्रदेश में रोजगार सृजन के परिप्रेक्ष्य में एस॰आई॰टी॰पी॰ सहित इन पार्कों की क्या स्थिति है;

(घ) क्या सरकार द्वारा राज्य सरकार के प्रस्तावित वस्त्र पार्क जिसके लिए आंध्र प्रदेश के कुरनुल जिले के येम्मीगनुर मंडल के बनवासी गांव में 90 एकड़ जमीन चिन्हित की गई है, का नियमन किया जा सकता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और किए जाने वाली आवश्यक प्रक्रिया का ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार ने देश के वस्त्र उद्योग में और अधिक सामान्य बहिस्त्राव शोधन संयंत्र अधिष्ठापित करने के कदम उठाए हैं और यदि हां, तो राज्य-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) क्या सरकार का गुजरात राज्य सहित देश में और अधिक वस्त्र पार्क स्थापित करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इन वस्त्र पार्कों की स्थापना कब तक किए जाने की संभावना है?

उत्तर

वस्त्र मंत्री

(श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी)

(क) और (ख) : एकीकृत वस्त्र पार्क योजना (एसआईटीपी) का अनुमोदन वर्ष 2005 में 10वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान किया गया था। आंध्र प्रदेश राज्य में एसआईटीपी के तहत अब तक पांच (5) वस्त्र पार्क

मंजूर किए गए हैं। विगत दो वर्षों और चालू वर्ष के दौरान इन वस्त्र पार्कों को 4.75 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई है।

(ग): मंत्रालय ने एसआईटीपी के तहत कुल 59 वस्त्र पार्क अनुमोदित किए हैं। हालांकि एसआईटीपी के तहत कोई विशिष्ट अपैरल पार्क नहीं है, तथापि, ऐसे 36 वस्त्र पार्क हैं जिनके तहत अपैरल इकाइयां हैं। रोजगार सृजन के संदर्भ में एसआईटीपी के तहत आंध्र प्रदेश में वस्त्र पार्कों की स्थिति **अनुबंध-क** में दी गई है।

(घ): जी, नहीं। एसआईटीपी के योजना दिशा-निर्देशों में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है।

(ड): यह मंत्रालय, विशेष रूप से जल और अपशिष्ट जल प्रबंधन के क्षेत्र में उचित प्रौद्योगिकी अपनाकर पर्यावरण संबंधी मानकों को पूरा करने में वस्त्र प्रसंस्करण क्षेत्र को सक्षम बनाने के लिए एकीकृत प्रसंस्करण विकास योजना (आईपीडीएस) का क्रियान्वयन कर रहा है। यह योजना एक मांग आधारित योजना है। इस मंत्रालय ने शून्य तरल बहिस्राव (जेडएलडी) प्रणाली के साथ 'सामान्य अपशिष्ट शोधन संयंत्र (सीईटीपी)' स्थापित करने के लिए आईपीडीएस के तहत 7 परियोजनाएं मंजूर की हैं जिनमें से 3 परियोजनाएं राजस्थान राज्य में, 3 परियोजनाएं तमिलनाडु राज्य में और एक परियोजना गुजरात राज्य में है। इसके अलावा, 'सामान्य सुविधा' घटक के तहत एसआईटीपी प्रस्ताव में अपेक्षित सीईटपी शामिल की जा सकती है।

(च): एकीकृत वस्त्र पार्क योजना, मांग आधारित योजना है जिसमें दिशा-निर्देशों में यथा निर्धारित शर्तों को पूरा करने के बाद संभावित उद्यमी अपने प्रस्ताव सरकार को भेज सकते हैं। एसआईटीपी के तहत गुजरात राज्य में अनुमोदित वस्त्र पार्क **अनुबंध-ख** में दिए गए हैं।

<u>अनुबंध-क</u>

आंध्र प्रदेश में एसआईटीपी के अंतर्गत वस्त्र पार्क की स्थिति

क्र. सं.	पार्क का नाम	स्थान	प्रस्तावित रोजगार	वास्तविक (आज की तारीख तक)	स्थिति
1.	ब्रांडिक्स इंडिया अपैरल सिटी प्रा.लि.	विशाखापट्टनम	60000	19000	पूर्ण
2.	एमएएस फैब्रिक पार्क	नेल्लोर	31000	550	मंजूर
3.	हिंदुपुर व्यापार अपैरल पार्क	हिन्दुपुर	10500	0	मंजूर
4.	गुंटूर वस्त्र पार्क	गुंटूर	2960	0	मंजूर
5.	तारकेश्वर वस्त्र पार्क	नेल्लोर	2199	0	मंजूर

अनुबंध-ख

गुजरात में मंजूर किए गए एसआईटीपी पार्क

क्र.सं.	पार्क का नाम	स्थान	राज्य	स्थिति
1.	गुजरात इको-टेक्सटाइल पार्क लि.	सूरत	गुजरात	पूर्ण
2.	मुंदरा एसईजेड टेक्सटाइल एण्ड अपैरल पार्क लि.	कच्छ	गुजरात	पूर्ण
3.	फेयरडील टेक्सटाइल पार्क प्रा.लि.	सूरत	गुजरात	पूर्ण
4.	विराज इंटिग्रेटिड टेक्सटाइल पार्क लि.	अहमदाबाद	गुजरात	पूर्ण
5.	सायना टेक्सटाइल पार्क लि.	सूरत	गुजरात	पूर्ण
6.	सूरत सुपर यार्न पार्क लि.	सूरत	गुजरात	पूर्ण
7.	आरजेडी इंटिग्रेटिड टेक्सटाइल पार्क लि.	इच्छापुर, तालुका-हजिरा, जिला-सूरत, गुजरात	गुजरात	पूर्ण
8.	केजरीवाल इंटिग्रेटिड टेक्सटाइल पार्क	सूरत	गुजरात	प्रगति पर है
9.	शांति इंटिग्रेटिड टेक्सटाइल पार्क प्रा.लि., सूरत	ग्राम नवीपारदी, तह. कामरेज	गुजरात	प्रगति पर है
10.	पालसाना आईटीपी पार्क, सूरत, गुजरात	पालसाना	गुजरात	प्रगति पर है
11.	अमितारा ग्रीन हाई टेक टेक्सटाइल पार्क प्रा.लि.	मोजेनाइकाखेड़ा, गुजरात	गुजरात	प्रगति पर है
12.	एनएसपी इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा.लि., सूरत	इच्छापुर	गुजरात	रोक
13.	कारंज इंटिग्रेटिड टेक्सटाइल पार्क	मोलवन, तालुका मंगरोल, जिला-सूरत	गुजरात	प्रगति पर है
14.	साहलोन टेक्सटाइल पार्क	मंगरोल-तालुका	गुजरात	प्रगति पर है

*****